अमर उजाला 09/12/2025

# छात्रों को दी साइबर सुरक्षा की जानकारी

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के सहायक प्राध्यापकों ने केंद्रीय विद्यालय नंबर दो और केंद्रीय विद्यालय नंबर चार में कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत विशेष सत्र का आयोजन किया।

इन सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को एआई टूल्स, डिजिटल मार्केटिंग और साइबर सुरक्षा जैसे विषयों की जानकारी देना रहा। केवी नंबर टू में आयोजित सत्र में कॉलेज की सहायक प्राध्यापक डॉ. गीता कौशिक एवं डॉ. दिशा अरोड़ा ने विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स और डिजिटल मार्केटिंग के व्यावहारिक उपयोग, उनके लाभों और भविष्य में उनकी बढ़ती भूमिका पर जानकारी दी। विद्यार्थियों को एआई आधारित एप्लिकेशन के प्रयोग के उदाहरणों के माध्यम से नई तकनीकों को समझाया गया। केंद्रीय विद्यालय नंबर चार में आयोजित सत्र में डॉ. भारती सुजान और भारती शर्मा ने साइबर सिक्योरिटी के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विद्यार्थियों को जागरूक किया। संवाद